(3) A statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the documents mentioned at (2) above. [*Placed in Library. See* No. LT-3387/82]

(4) A copy each of the following papers (Hindi and English versions) under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956:—

(a) (i) Review by the Government on the working of the Project and Equipment Corporation of India Limited, New Delhi, for the year 1980-81.

(ii) Annual Report of the Projects and Equipment Corporation of India Limited, New Delhi, for the year 1980-81 along with the Audit Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon [*Pleased in Library. See* No. LT-33/82]

(b) (i) Review by the Government on the working of the State Chemicals and Pharmaceuticals Corporation of India Limited. New Delhi, for the year 1980-81.

(ii) Annual Report of the State Chemicals and Pharmaceuticals Corporation of India Limited, New Delhi, for the year 1980-81 along with the Audited Accounts and the comments of the comptroller and Auditor General thereon. [*Placed in Library. See* No. LT-3389/82]

(c) (i) Review by the Government on the working of the State Trading Corporation of India Limited, New Delhi, for the year 1980-81.

(ii) Annual Report of the State Trading Corporation of India Limited, New Delhi, for the year 1980-81 along with the Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon. [*Placed in Library See* No. LT-3390/82]

(5) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the All India Handloom Fabrics marketing Co-operative Society Limited, Bombay, for the year 1980-81 along with Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government on the working of the All India Handloom Fabrics Marketing of Co-operative Society Limited, Bombay, for the year 1980-81. [*Placed in Library. See* No. LT-3387/82]

(6) A copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under sub-section (3) of section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963:—

(i) The Export Inspection Council/Employees (Classification, Control and Appeal) Amendment Rules, 1982, published in Notification No. S.O. 556 in Gazette of India dated the 13th February, 1982.

(ii) The Export Inspection Agency Employees (Classification, Control and Appeal) Amendment Rules, 1982, published in Notification No. S.O. 557 in Gazette of India dated the 13th February, 1982. [*Placed in Library See* No. LT-3392/82]

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : अध्यक्ष जी, मैंने एक काम रोको प्रस्ताव दिया है। झारखंडे राय जी के क्षेत्र में एक कार्यकर्ता की हत्या की गई है। (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Not allowed.

---

**12.05 hrs.**

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### REPORTED CLOSURE OF HYDERABAD MINT AND FALL IN PRODUCTION AT CALCUTTA MINT AND SECURITY PRINTING PRESSES AT NASIK, DEWAS AND HOSHANGABAD ETC.

श्री बी० डी० सिंह (फूलपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं अविलंबनीय लोक महत्व के निम्नलिखित विषय की ओर वित्त मंत्री का ध्यान दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूं कि वे इस पर एक वक्तव्य दें ;

> "हैदराबाद स्थित टकसाल बन्द होने और कलकत्ता स्थित टकसाल तथा नासिक, देवास और होशंगाबाद स्थित सिक्योरिटी प्रिंटिंग प्रेसों में उत्पादन में कमी होने, जिसके परिणामस्वरूप नोटों और सिक्कों की कमी होने की संभावना है, के समाचार।"

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JANARDHANA POOJARY): Mr. Speaker, Sir, this is a long statement. Can it be laid on the Table of the House?

MR. SPEAKER: It can be...

SHRI JANARDHANA POOJARY: Or, shall I read it?

SOME HON. MEMBERS: Read it.

MR. SPEAKER: Read it. They want you to make some study, to be studious.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JANARDHANA POOJARY): Mr. Speaker, Sir, I rise to make a statement on the notice calling my attention to the, reported likely shortage of currency notes and coins arising from the alleged fall in production in the mints and presses and the proposed closure of the Hyderabad Mint.

2. At the outset, I wish to allay the apprehensions of the Honourable Members and the Public that the situation in regard to the availability of coins and currency notes of various denominations is in any way alarming though some complaints about localised shortage of currency notes and coins of various denominations have sometimes been received.

3. In vew of constraints on the indigenous capacity for making currency and bank note paper and the printing capacity in the currency presses. it has not always been possible to print the full quantity of fresh notes indented by the Reserve Bank of India. The Security Paper Mill, Hoshangabad, where alone the currency and bank note paper is manufactured in our country, is presently being modernised so as to increase its annual rated capacity from about 3380 metric tonnes to 6000 metric tonnes. The project is likely to be completed by the end of October, 1982. The availability of currency and bank note paper will, therefore. increase substantially after the expansion of the Mill materialises. In view, however, of the shortfall in indigenous production of paper *vis-a-vis* the present requirements of the currency printing presses, some quantities of bank note paper have been imported during the current year.

4. Of the two currency printing presses, the one at Nasik has been working round the clock whereas the other at Dewas is presently working in a single shift. The question of introducing a second shift at the Dewas Press is being considered. Efforts are being made to increase the capacities for making currency and bank note paper and for printing the notes. In addition, efforts are also being made to increase the production of Re. 1 coins to substitute some of the growing demand for Re. 1 notes.

5. There is no statutory requrement for the RBI to keep a particular quantum of reserve stock though it may be operationally expedient to do so. Admittedly, it may so happen in certain cases that the reserve stocks in a particular chest or issue office of the RBI have come down but in such cases, the RBI rushes supplies from other places. It would not be right to suggest that there has been a substantial shortfall in supply of currency notes by the currency presses of the RBI in recent years. In any case it was only to meet the growing requirement of these notes that the Dewas Press was

put up and the ouput has been gradually stepped up. It has thus been possible, in recent years to make available increased quantities of notes to improve upon the quality of currency in circulation and to cover the replacement and incremental requirements. In 1980-81, for instanse 100 per cent of the RBI's requirement in total numbers and around 94.5 per cent of the requirement in total value, was met by the supply of new notes. For the current financial year while the requirement for notes of all denomination except Rs. 100 has already been met to the extent of about 86 per cent in total numbers and about 94 per cent in total value during the last 10 months, there is a shortfall in the supply of Rs. 100 denomination notes as the demand therefore is much beyond the capacity of the Dewas Press where the same are printed.

6. On the coinage side, there has not been any deterioration in the level of supply in the recent years though in the case of Re. 1 coins it has not been as much as the Reserve Bank would require to meet the present demand. Since the introduction of one-rupee coins in 1975, over 100 crore pieces have been put into circulation. Efforts are being made to further increase the output of one-rupee coins in particular and other coins in general by the introduction of incentive schemes in the Mints. Production in the Calcutta Mint has been stable during the last three years including the current one. As regards the Hyderabad Mint, Government have since decided to continue the Mint in view of the increased coinage requirements in the country.

7. To sum up, I would like to assure Hon'ble Members that there is no cause for anxiety on the availability of currency notes and coins.

**12.11 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair.*]

**श्री बी० डी० सिंह** : उपाध्यक्ष महोदय, इधर एक लम्बी अवधि से देश में छोटे करेंसी नोटों और सिक्कों के अभाव का अनुभव किया जा रहा है। अभी कुछ दिन पूर्व समाचार-पत्रों में यह समाचार प्रकाशित हुआ था कि तमाम बैंकों में करेंसी नोटों का अभाव उत्पन्न हो गया है। और जो हमारे वित्त मंत्री जी ने अपना बयान दिया है, उसमें वे स्वीकार करते हैं कि ये समाचार समय समय पर मिलते रहे हैं और कुछ अभाव जरूर लेकिन इतनी चिन्ताजनक स्थिति नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय, यह जो छोटे नोटों या सिक्कों का सवाल है, इनके अभाव में जो गरीब आदमी हैं या कम आय वर्ग के लोग हैं, उन को बड़ी कठिनाई का अनुभव करना पड़ता है। अभी तक तो सारा जन-जीवन आवश्यक वस्तुओं के अभाव में त्रस्त है और उसको प्राप्त करने के लिये घंटों पंक्तिबद्ध रहना पड़ता है लेकिन अब ऐसी स्थिति आने वाली है कि अभी तक जो पुराने नोट या गंदे नोट होते थे, उनको लोग बदल देते थे और बैंकों में जमा कर देते हैं लेकिन अब उन पुराने नोटों को प्राप्त करने के लिये भी लोगों को लाइनों में लगना पड़ेगा और उसके लिये उनको शायद अधिक कमीशन भी देना पड़ेगा। हमारे वित्त मंत्रीजी के प्रदेश की राजधानी से प्रकाशित होने वाला "स्टेटसमैन" अखबार है, उसमें 24 जून, को एक समाचार प्रकाशित हुआ था, उस को मैं कोट करना चाहता हूं क्योंकि उससे पता चलता है कि छोटे नोटों या सिक्कों की

[श्री बी० डी० सिंह]

कमी से कितनी भंयकर स्थिति लोगों के लिये पैदा हो जाती है :

"The acute shortage of small coins and notes in all the North-Eastern States has been causing concern to all particularly in business and Government circles. Grocers and House-wives have been forced to adopt a barter system with postage stamps, envelopes and cigarettes being used as coins."

इस तरह की स्थिति पैदा हो जाती है और जब किसी भी वस्तु का अभाव उत्पन्न होता है, तो कुछ अभाव तो वास्तविक होता है लेकिन कुछ बनावटी अभाव पैदा कर दिया जाता है और उसमें काला-बाजारी शुरू हो जाती है और कुछ असमाजिक तत्व उस में काला धंधा करने के लिये सक्रिय हो जाते हैं। अभी जो समाचार मिले हैं, उनमे यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि निकट भविष्य में छोटे, करेंसी नोटों और सिक्कों का अभाव होने वाला है और इस आशंका को आधारहीन नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि वित्त मंत्रालय भी इस तथ्य से अवगत है कि पिछले 10 वर्षों में 10 रुपये मूल्य के करेंसी नोट या उस से कम मूल्य के करेंसी नोटों को आपूर्ति मांग से बहुत कम रही है और रिजर्व बैंक आफ इंडिया की जो इन करेंसी नोटों की मांग थी, उस में से पिछले 10 वर्षों में 28 हजार मिलियन करेंसी नोटों की प्रतियों की आपूर्ति रिजर्व बैंक आफ इंडिया को नहीं की गई। यह स्थिति रही है और रिजर्व बैंक आफ इंडिया को करेंसी नोटों का जो सुरक्षित भंडार रखना चाहिये, उस भंडार को सुरक्षित रखने में रिजर्व बैंक आफ इंडिया असमर्थ रहा है और मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि सरकार की अदूरदर्शिता और अनिर्णयात्मक आचरण के कारण यह सारी स्थिति पैदा हो रही है। यह स्थिति अचानक पैदा नहीं हुई है। रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने 1964 में ही इस बात का संकेत दिया था और सरकार से आग्रह किया था—क्योंकि जैसा एक रुपये का नोट है, उसके कागज की क्वालिटी बहुत खराब है और उसकी लाइफ बहुत कम होती है कि एक रुपये के नोट को एक रुपये के सिक्के में बदल दिया जाए। 1964 में इस सुझाव को दिया गया था और दो साल के बाद मंत्री मंडल ने किसी तरह से इसको स्वीकृत किया। उसके बाद 1975 से सिक्के का चलना प्रारंभ हुआ लेकिन अभी वह पूरी मात्रा में नहीं है जबकि रिजर्व बैंक आफ इंडिया का सुझाव था कि सारे एक रुपये के नोट एक रुपये के सिक्के में बदल दिये जायें। इतना ही नहीं, यह सुझाव भी दिया गया था, क्योंकि नोटों की लाइफ बहुत कम होती है, कि दो रुपये या पांच रुपये के जो नोट हैं, उनको भी उतने रुपये के सिक्कों में बदल दिया जाए। तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है। उत्तर देते हुए, माननीय वित्त मंत्री जी इस पर भी प्रकाश डालें।

साथ ही यह भी सुझाव दिया गया है कि मेटल के जो सिक्के हैं, जिस मेटल से वे बनाये जाते हैं, निकल से बनाये जाते हैं, उसके अभाव को देखते हुए एक रुपये के और आठ आने के सिक्कों का आकार और वजन कम कर दिया जाए, इस सुझाव को संभवत: सरकार ने स्वीकार कर लिया है, मैं जानना चाहूंगा कि इस पर सरकार ने क्या निर्णय लिया ?

मान्यवर, नोटों के अभाव की जो स्थिति पैदा हो रही है, वह नोटों के छापने की जो प्रक्रिया है और उस प्रक्रिया में जितने कारक सहायक हैं, उन कारकों

में अव्यवस्था की वजह से यह स्थिति उत्पन्न हो रही है । जैसे कागज की बात है । मध्य प्रदेश में होशंगाबाद में करन्सी पेपर मिल है, उस से करन्सी पेपर मिलता है । वह मिल एक वर्ष से बंद चल रही है । उसके बारे में कहा जा रहा है कि उसमें सुधार का काम हो रहा है जिसको कि पहले ही किया जाना चाहिए था । सरकार ने यह निर्णय लिया था कि बड़ौदा में करन्सी पेपर मिल की स्थापना की जाएगी और वह मिल 1979 तक उत्पादन करना शुरू कर देगी । लेकिन उसकी आधारशिला भी अभी तक नहीं रखी गयी है । इसके बारे में भी सरकार बताए ।

इसके अलावा हैदराबाद में जो टक्साल है वह भी एक साल से बंद पड़ी है । मालूम नहीं, इसको कब तक चालू किया जाएगा ? नासिक में जो इंडिया सिक्युरिटी प्रेस है, वह भी अपनी क्षमता पर काम नहीं कर रहा है और करीब आठ वर्ष पूर्व पब्लिक अकाउंट्स कमेटी ने भी इस बात को प्वाइंट आऊट किया था और कहा था कि नासिक प्रेस का आधुनिकीकरण करने की आवश्यकता है । लेकिन सरकार ने उस पर अभी तक ध्यान नहीं दिया है । कलकत्ता में अलीपुर की टक्साल में भी लेबर ट्रबल है और वहां पर पिछले पांच वर्षों में लक्ष्य से बहुत कम सिक्के ढाले गए । देवास में एक सिक्युरिटी प्रेस है जहां पर कि नोट छपते हैं । वह भी पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहा है । इसलिए यह सारी कमी है । नोटों के छापने की प्रक्रिया में जो यह कुव्यवस्था है उसको दूर करने के लिए सरकार कब तक प्रयास करेगी और कब तक यह दूर कर दी जाएगी ?

रिजर्व बैंक आफ इंडिया की स्थिति इतनी गंभीर हो गयी है कि उसने प्रस्ताव किया है कि जो पुराने नोट अभी नष्ट नहीं किये गये हैं, जिनको कि नष्ट किया जाना चाहिए, उनको एग्जामिनेशन के बाद, परीक्षण के बाद पुन:सरकुलेट किया जाए ? क्या उन नोटों को रिसरकुलेट करने की बात सोची जा रही है, क्या ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गयी है ? इसके बारे में भी सरकार बताए ।

करीब आठ वर्ष पहले रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने स्टेट बैंक और जो दूसरे राष्ट्रीयकृत बैंक हैं उनको अधिकृत किया था कि वे पुराने नोटों को बदलने की प्रक्रिया में रिजर्व बैंक की सहायता करें। इसमें कोई राष्ट्रीयकृत बैंक सहायता नहीं कर रहा है । ऐसा अनुमान था कि पांच सौ करन्सी चेस्ट खोले जाएंगे किन्तु राष्ट्रीयकृत बैंकों में 80 चेस्ट खोले गए हैं । इससे रिजर्व बैंक आफ इंडिया को बड़ी कठिनाई हो रही है । तीन हजार मिलियन करन्सी नोटों के बदलने की समस्या है । रिजर्व बैंक के पास उनके रखने का स्थान नहीं है इसलिए उन्होंने एक रुपये और दो रुपये के नोटों को बिना परीक्षण किए नष्ट करने की अनुमति चाही है । क्या रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने सरकार से इस प्रकार की अनुमति मांगी है ।

इस प्रकार ये सब जो आने वाली कठिनाइयां हैं, उनको दूर करने के लिए सरकार क्या प्रयास करने जा रही है और क्या सरकार इस सदन को आश्वस्त करेगी कि नोटों के अभाव की स्थिति पैदा नहीं होगी ?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Sir, the hon. Member has pointed out certain issues and he wants to know what steps we are going to take to

[Shri Pranab Mukherjee]

improve the situation. As my colleague in the written statement has already pointed out what appeared in the Press report is not totally correct, nobody is saying that there is no shortage but the way it has been projected is not correct and we have already taken some steps in this direction. The first step which we have already taken is in regard to the modernisation of the Security Printing Press at Hoshangabad. It is true that the project has been delayed. It should have been completed by 1980. But it is now going to be completed by 1982. But in spite of that, now the total anticipated production for 1981-82 is about 2900 tonnes as against the rated capacity of 3380 tonnes. The figures are available with me. In 1979-80 the productiin was not much because of some trouble. Then it picked up. In 1976 also it was a little more. The exact figures are as follows:

In 1975-76, the percentage utilisation of the rated capacity was 92, in 1976-77, it was 96, in 1977-78, it was 91, in 1978-79, it was 82, in 1979-80, it was 77, in 1980-81, it was 89 and in 1981-82, the anticipated percentage utilisation is 85.8.

But in order to meet the minimum requirement, we are trying to import the currency paper and actually about 300 tonnes of this type of paper have been imported so that this could be supplied to the Bank Note Press and Currency Note Press at Nasik. Now, the present programme is to increase the capacity from 3,380 tonnes to 6,000 tonnes and we are expecting that by the end of October 1982, this project will be completed.

In regard to coin, as my colleague has already informed the hon. Member. the decision was to close down the Hyderabad mint. But now a decision has been taken, keeping in view the requirement, that this mint will not be closed. It will be in operation and we would like to utilise it. This has a very long history. In my earlier capacity as a junior Minister in the Ministry of Finance, at that time we were confronted with some problems in so far as Alipore mint was concerned. There was a labour trouble. At that time, our distinguished colleague, Mr. Chavan, was the Minister of Finance and a decision was taken that in order to meet the coinage requirements, we put on a work schedule of 60 hours per week, the workers, used to get wages for 72 hours instead of 48 hours. They were given overtime and other allowance. What happened thereafter was that in 1975-76—I do not recollect exactly at what point of time—the situation was stated that there was no offtake of the coins. So, we had to reduce its supply and if we are to reduce its supply, naturally the overtime allowance and other allowances will get reduce and they were used to a system which had already existed. Now, there are some problems and we are trying to sort them out. Therefore, two positive measures have been taken one is to keen the Hyderabad mint open and try to short out the problems in Alipore Mint as well as other m'nts by introducing Incentive Scheme and the second is to improve the productivity in the Security Paper Mill at Hoshangabad. Necessary steps are also taken to bridge the gap by importing necessary currency paper so that the Bank Note and Currency Note Presses at Dewas and Nasik can utilise their capacity to the fullest extent possible. Within the situation, we are taking these steps, but sometime taken steps. Now, the metal value out about the problems in the north-eastern region particularly in the far-flung areas. Of course, we have taken steps. Now, the metal value of the coins is much less. Earlier, we were confronted with a situation when people used to collect these coins, melt them and sell them as metal. That is why, steps were taken to reduce the metal value of these coins. These exercises are being under taken from time to time.

I would like to assure the hon. Members that it is our endeavour to see that there is no undue shortage of these things and people are not placed in a situation where they would not get them. I do not think, I can add any other point.

**श्रीमती प्रमिला दंडवते** (बम्बई उत्तर मध्य) : उपाध्यक्ष महोदय, कल शनिवार है और कल हमारे सब से जवान वित्त मंत्री बजट पेश करने वाले हैं । मराठी में एक कहावत है जिसका मतलब है कि न करने वाले का दिन शनिवार होता है । तो मुझे लगता है कि ऐसा कुछ न हो जाय । कल बजट आ रहा है लोगों को पता नहीं क्या क्या बोझ उन पर पड़ने वाला है और क्या राहत ब्लैक मनी वालों को होगी । उनके लिये सरकार ने पिछले साल बीयरर बौंड स्कीम निकाली जिससे 1,000 करोड़ रु० भी ब्लैक मनी का नहीं आया है । अब जो नया वित्त वर्ष आ रहा है, ब्लैक मनी जिनके पास है और नोट्स उनके पास पड़े हुए हैं उनके लिये कुछ दिक्कत नहीं होने वाली है क्योंकि अगर मार्केट से नोट चले जाते हैं तो उनके पास पैसा है वह मार्केट में आ जायेगा । लेकिन आम जनता जिसका गुजारा खरीज पर चलता है और तनख्वाह पर गुजारा होता है उनके लिये बड़ी दिक्कत होने वाली है । आपने आश्वासन दिया है कि पेपर की अगर कमी होगी तो इम्पोर्ट करेंगे । लेकिन हमें लगता है कि आप ऐलान करते हैं कि होलसेल प्राइस इंडेक्स गिर गया है लेकिन लोगों को मालूम है कि कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स बढ़ता जाता है । वैसे ही आप नोटों के बारे में कुछ भी कहें, लेकिन आप जनता को जो छोटे छोटे नोटों की जरूरत पड़ती है उनके लिये छोटे नोट बाजार में नहीं रहेंगे ।

मेरे पहले जो कहा गया है मैं उसको दोहराना नहीं चाहती, लेकिन मैं पूछना चाहती हूं, लोगों ने कहा है कि हैदराबाद में मिन्ट बन्द की गई उसके बारे में रिजर्व बैंक आफ इंडिया को कुछ नहीं बताया गया फौर सम मिस्टीरियस रीजन्स हमें कुछ पता नहीं । 1964 में रिजर्व बैंक ने बताया देश में शौर्टेज होने वाली है । 1967 में कैबिनेट ने मन्जूर किया लेकिन 1975 तक आपने कुछ कार्यवाही नहीं की । उस समय तो कांग्रेस (आई०) का राज्य चल रहा था, जनता पार्टी के नाम का सवाल ही नहीं था, 1975 में आपका यह कहना कि 100 करोड़ रु० के काइन्स बनाये हैं जो सर्कुलेशन में हैं । लेकिन रिजर्व बैंक आफ इंडिया को जो उसके पास सोइल्ड नोट्स हैं उसके बारे में शिकायतें हैं, मैनेजमेंट और लेबर के बीच में बहुत बड़ा संघर्ष चल रहा है । मैनेजमेंट का यह कहना है कि उनके पास जो नोट्स पड़े हुए हैं उससे इतनी जगह भरी हुई है कि वह कुछ काम नहीं कर सकते । नेशनेलाइज्ड बैंक्स इनक्लूडिंग स्टेट बैंक आफ इंडिया सहयोग देने के लिये तैयार नहीं हैं । 500 चैस्ट्स के बदले 80 चैस्ट्स बनाते हैं । बैंक्स के रेनोवैशन पर खर्चा हुआ, उनका कहना है कि हमारे पास जगह नहीं है । तो क्या इतने सालों में उनके पास वेरीफिकेशन के लिये, ऐक्सचेंज के लिये जगह नहीं बना सकते थे ? सरकार के नियंत्रण में बक्स हैं, तो सरकार ने उनको करवाने के लिये क्या कार्यवाही की है, यह मैं पूछना चाहती हूं । लेबर डिस्प्यूट के बारे में हम नहीं चाहते वह बराबर है, झूठ है, गलत है, उसके बारे में नहीं, लेकिन हमारी सरकार सबक सिखाना चाहती है मजदूरों को । उनके लिये एन०एस०ए० और दूसरे कानून होते हैं । जैसे आर० बी० आई० का कहना है कि अगर

[श्रीमती प्रमिला दंडवते]

मशीनरी लाते हैं तो 6,000 नोट एक घंटे में हो जाते हैं, उस बारे में उनका कहना है कि 10 लोगों को काम से हटाया जायेगा । स्टाफ का कहना है कि 500 परसेंट उनका बोझ बढ़ गया है और 100 परसेंट ही लोगों को ज्यादा ले लिया गया है । उनका कहना मंजूर करना चाहिये कि पहले भी जब इंडस्ट्रीज का माडर्नाइजेशन चल रहा था, उस समय रैशनलाइजेशन विद्‌आउट अरस हो गया था, मजदूरों को काम से नहीं निकाला जायेगा । और उसके बाद भी माडर्नाइजेशन करना पड़ता है और मैकेनाइजेशन भी करना पड़ता है । मुझे पता है कि इसमें हमारे मजदूर सहयोग देंगे । लेकिन अगर आप समझेंगे कि सबक सिखायेंगे, मुझे लगता है कि आप सबक मजदूरों को नहीं सिखाते बल्कि जनता को सिखाते हैं जिसका कुछ गुनाह नहीं है । वह मंहगाई भी सहती है और सहयोग भी करती है इसलिये आप जनता को भी सबक सिखाने की कोशिश करते हैं । मैं समझती हूं कि सरकार की यह पालिसी ठीक नहीं है ।

बड़ौदा में एक प्रैस खुलने वाला था, 1979 में शुरू होने वाला था । उसके पहले भी खबर अखबार में आई कि उसका अनावरण नहीं हुआ, स्टोन-लेइंग नहीं हुआ । क्यों नहीं हुआ ? अगर 1964 में आर० बी० आई० ने आने वाले संकट के बारे में वार्निंग दी थी तो मेरा पूछना यह है कि अब तक वहां काम क्यों नहीं शुरू किया ?

अभी जो 100 करोड़ रुपये के कोयन्स देश में शुरू किये हैं, उसकी कितनी जरूरत थी । हमें इसका आज आश्वासन चाहिये, क्योंकि कल आपका बजट है । प्रोडक्टिविटी अगर है तो हमारे देश में काफी मात्रा में कौयन्स और करेंसी रहनी चाहिये ताकि लोगों को लूटने का हथियार हम काला बाजार वालों और एंटी सोशल लोगों के हाथ में न दें । उसकी पूरी व्यवस्था भी करनी होगी ।

"सिन्स" कब से आपने शुरू किया, अखबारों में आ गया कि हैदराबाद की मिन्ट में शुरू किया है । पता नहीं "सिन्स" का मतलब क्या है । हैदराबाद की मिन्ट में कितने कौयन्स आपने बनाये और सर्कुलेशन के लिये लाये, उसका कुछ पता नहीं चलता है ।

मैं मिनिस्टर साहब से पूछना चाहती हूं कि वह सिर्फ वेग स्टेटमैंटस देने के बदले आज ही इस देश की जनता को बतायें कि वह लूट करने की इजाजत एंटी सोशल लोगों को नहीं देंगे और देश में कितने नोटों की आवश्यकता है ? कितने आप बना सकते हैं ? आपसे कहा है, इसलिये मैं मंजूर कर सकती हूं, लेकिन कितना कागज आप इम्पोर्ट करेंगे, जिससे इस देश में नोटों की कमी नहीं रहेगी ?

100 रुपये के नोट आपने नहीं बनाये, अगर आप इसका डिमोनिटाइजेशन करना चाहते हैं और इसलिये नोट नहीं बनाये तो हम इसे साफ समझ सकते हैं लेकिन अखबार में खबर आई है कि कौयन्स के बारे में लोग बोलते हैं कि पैसा खाते हैं । एक आदमी ने एक कौन खाया, पता नहीं सोने के बिस्कुट होते हैं क्या, हमें मालूम नहीं । लेकिन पैसा खाने की कोशिश की तो वह रुपया टूट गया और जो भी लाया था होटल में उसका देने के लिये पैसा नहीं रहा । इसलिये जो कौयन हम बना रहे हैं,

खाने के लिये कौयन आप नहीं बनायेंगे, ऐसा भी मैं उम्मीद रखती हूं ।

फाइनेन्स मिनिस्टर कल के बजट में कितना बोझ डालेंगे, हम कुछ नहीं कह सकते हैं, लेकिन ग्राम जनता के लिये 17 पैसे जिस रुपये की कीमत है, ऐसे कौयन्स वह कितने बनाने वाले हैं और किस प्रकार से आप लोगों को राहत देने वाले हैं उसके बारे में साफ साफ बता दीजिये, वेग स्टेटमेंट मत दीजिये । मंत्री महोदय क्लीयर बता दें, ताकि लोगों को पता चले कि नोट प्राप्त करने के लिये भले ही उन्हें क्यू में खड़ा होना पड़े, लेकिन उसके लिए उन्हें बार्टर सिस्टम का सहारा नहीं लेना पड़ेगा ।

SHRI PRANAB MUKHERJEE: A number of points have been raised.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Very difficult to reply to the question, because no question was put.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Firstly, with regard to the one-rupee coin, it is true that the decision was taken in 1975, and after that, 100 million pieces of one-rupee coin have already been issued. Secondly, she has asked why we are not permitting the import of certain machines to augment the capacity. As the hon. Member knows, even in the Dewas Bank Note Press, we are now having work for one shift, and we are now thinking of making the shift double, so that we can increase the capacity, without adding much to the cost side. Therefore, there is no point to remain under-utilised in Dewas Bank Note Press. The same logic is applicable to the proposed paper unit at Baroda. Let us utilise the capacity in Dewas Bank Note Press fully. The third question is: what is the quantity of imports?

I am sorry, I will correct my figure. It is not 100 million piece. It is 100 crore pieces. So, it is more, ten times more.

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): In such a short time, production has gone up.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: No, it is just information gap. In regard to the import, already I have told you that 300 tonnes have already been imported, and we are going to import additional 100 tonnes, and if it is necessary, we can import more. There is no problem in it. That figure I have already given.

In regard to the Hyderabad Mint, already I have mentioned even in the statement itself, that we have taken the decision. It is not because of the newspapers. I can verify it. The newspaper might have given this news, it was under consideration, and after considering the various aspects of the problem, the decision has been to continue the Mint—not to close it.

In regard to the problems of RBI, she is a veteran trade unionist. She knows that RBI is itself trying to sort out their problems as per Dhige Award. So, I would not like to make any comment just on that aspect.

श्री राम स्वरूप राम (गया) : उपाध्यक्ष महोदय, अखबार में जो समाचार छपे थे, उनसे तो ऐसा लगता था कि स्थिति काफी गंभीर है, लेकिन जब मुझे सरकार का जवाब देखने को मिला, तो स्थिति साफ हो गई । मुझे बहुत गौरव है कि एक बहुत प्रतिभाशाली अर्थ-शास्त्री देश का फिनांस मिनिस्टर बनाया गया है ।

मैं आपका ध्यान अखबार की कुछ कतरनों की ओर ले जाना चाहता हूं । 22 फरवरी, 1982 को एक न्यूज आई थी कि सार्वजनिक लेखा समिति ने नासिक टकसाल की समस्या पर ध्यान दिया था और आठ वर्ष पूर्व सलाह दी थी

[श्री राम स्वरूप राम]

कि टकसाल का आधुनिकीकरण किया जाए, लेकिन सरकार ने आज तक कोई कार्यवाही नहीं की । सब से पहली बात तो यह है कि जब भी छोटे छोटे कायन्ज और नोटों की शार्टेज होती है, तो समाज का सब से कमजोर वर्ग, जो देहात में रहता है और पावर्टी लाइन के नीचे है, ज्यादा इंफेक्टिड होता है । जब शार्टेज आफ कायन्ज होती है, तो सम्पन्न लोगों को तो कहीं न कहीं से उनकी प्राप्ति हो जाती है, लेकिन उस स्थिति में समाज का सब से कमजोर वर्ग, जो आर्थिक दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है, बहुत इफेक्टिड होता है । आप बसों में चलते होंगे, पता नहीं उपाध्यक्ष महोदय चलते हैं या नहीं, लेकिन हम लोग तो बसों में चलते हैं और देखते हैं कि क्वायन्स की कमी की वजह से टिकट लेने के लिए एक रुपये का नोट जब कोई देता है, और कंडक्टर के पास पांच पैसे नहीं होते हैं तो वह गरीब बेचारा पांच पैसे उसी के पास छोड़ देता है । इस तरह से हर प्वाइंट पर उस का एक्सप्लायटेशन होता है । यह बहुत गंभीर स्थिति है क्योंकि यह समाज के एक ऐसे यूनिट को एफैक्ट करता है जो गरीब है । इसलिए सरकार को इस को गंभीरता से लेना चाहिए । आप ने देखा होगा जब वर्ल्ड वार छिड़ी थी तो एक रुपये को लोग चौदह आने में दे देते थे । उसी तरह की परिस्थिति आज भी न बन जाय इस के लिए मैं वित्त मंत्री महोदय को यह सुझाव देना चाहता हूं कि इस स्थिति पर वह वाच रखें ।

दूसरी बात यह है कि और एक ओर तो अखबारों में यह बात आती है कि क्वायन्स की कमी है, दूसरी तरह दूसरे अखबार वाले कुछ और लिखते हैं । किसी में ये अखबार वाले कुछ लिखते हैं किसी में कुछ लिखते हैं । किसी में राम लिखते हैं किसी में घनश्याम लिखते हैं । ये अखबार तो हमारे लोकतंत्र के रक्षक हैं, इसलिए इन को तो कम से कम ठीक तरह से बात रखनी चाहिए । मंत्री महोदय से मैं कहना चाहता हूं कि आप के पास नोटों की कमी नहीं है लेकिन आप के नोट कहां पर पड़े हुए हैं उस को देखने की आवश्यकता है । आप यह देखिए समाचारपत्र है "नवभारत टाइम्स", इस में 23 अप्रैल 1980 को यह निकला है :

"राजधानी में इन दिनों एक रुपये के नोटों की नयी गड्डियों का अकाल पड़ा हुआ है । यहां तक कि रिजर्व बैंक में भी एक गड्डी प्राप्त करने के लिए कई घंटे बरबाद करने पड़ रहे हैं । लेकिन नगर में सौ रुपये की गड्डी के 110 रुपये में देने को तैयार हैं तो उसे दिल्ली के किसी भी भाग में मनचाही संख्या में गड्डियां मिल जाती हैं ।"

इसलिए हम इस बात से हाउस को और आप को आश्वस्त करना चाहते हैं कि वास्तव में नोटों की कमी नहीं है बल्कि ब्लैक मार्केटियर और प्राफिटियर जैसे सब जगह हैं वैसे ही यहां पर भी वे काम कर रहे हैं । जैसे वे अनाज या और वस्तुओं की ब्लैक-मार्केटिंग और प्राफिटियरिंग में लगे हुए हैं ऐसे ही वे इस गोरखधन्धे में भी लगे हुए हैं जिस की वजह से जैसे ही बैंक से पैसा निकलता है, उन के ब्रोकर या दलाल पहले बैंक में चले जाते हैं और छोटे छोटे नोट वहां से निकाल कर ले जाते हैं । देहात का गरीब किसान या मजदूर जाता है तो चार आना मार्जिन ले कर 12 आना उस को दे देते हैं । कहते हैं तुम्हारा यह नोट गला हुआ है ... (व्यवधान)

श्री राम स्वरूप राम : इस तरह से ऐसे धन्धे में लोग लगे हुए हैं ।

मैं तीन सवाल माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं । पहला सवाल तो यह है कि जो इस गोरखधन्धे में लगे हैं और ब्लैक मार्केटिंग करते हैं, फटे पुराने नोटों के नाम पर गरीबों का शोषण करते हैं, इस की गंभीरता को देखते हुए पूरे देश में क्या आप इस को बन्द करने का कोई विचार रखते हैं या नहीं ?

दूसरी चीज है माडर्नाइजेशन आफ मशीन की बात । वर्षों से आश्वासन पड़े हुए हैं, रेकमेंडेशन पड़ी हुई है, सलाह पड़ी हुई है कि इन को माडर्नाइज किया जाय । तो यह जो मशीन का माडर्नाइजेशन करने की बात है यह कब तक आप करेंगे ? कोई डेफिनिट डेट उस के लिए आप दें । ऐसे तो आप ने कहा है कि अक्तूबर तक कर दगे, यह बड़ी खुशी की बात है ।

तीसरी चीज यह है, मैं यह इन्फार्मेशन आप के माध्यम से देना चाहता हूं कि कुछ जाली नोटों का भी धन्धा बहुत तेजी से हो रहा है । इस देश के हर भाग में यह चीज चल रही है । आप कहीं पर भी जाइए जाली नोट की बात आप को सुनाई पड़ेगी और अखबारों में भी आप ने देखा होगा, अकसर इसके बारे में निकलता रहता है । दिल्ली के चौराहे पर ये जाली नोट नहीं घमते हैं बल्कि वह घूमते हैं देहातों में जहां के रहने वाले गरीब बेचारे लोगों ने कभी देखा भी नहीं होगा कि सौ रुपये का नोट या पचास रुपये का नोट कैसा होता है । जो जाली नोटों का काम चल रहा है, मैं तो यहां तक कहूंगा कि कुछ विशेष अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह इस तरह का काम कर के आप की एकानामी को पैरेलाइज करना चाहते हैं और पैरलल एकोनामी चलाना चाहते हैं । इसलिए आप इस के लिए ऐसा कड़े से कड़ा कानून बनाएं जिससे यह जाली नोटों का धन्धा बन्द किया जा सके ।

मैं मंत्री महोदय से यह भी जानन चाहूंगा कि उन्होंने जो यह कहा है कि कागज अच्छा नहीं है, स्टैण्डर्ड क्वालिटी का नहीं है इसलिए सात महीने के बाद नोट की लाइफ का इरोजन हो जाता है तो क्या सरकार का यह विचार है कि एक रुपए से पांच रुपए तक के नोट्स को हटा कर उनके स्थान पर सिक्के चला दिए जायें ?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now you can reply, Mr. Mukherjee.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: The hon. Member has put three questions, one in regard to the modernisation of the mints. Already, expansion of the mints is going on. Modernisation of the mint will also be undertaken and now it is already in the process, though the Bombay Mint is 150 years old. As the hon. Member knows, over period of years there has been lot of modernisation and some of the machines are most sophisticated and some up-to-date machines are installed. This is a constant exercise and we are continuing it.

Secondly with regard to the supply of small denomination coins, there has been some time back some shortage, but it has not been of a very high order as indicated in the figures given by my colleague. Thirdly, it is quite possible that taking advantage of a particular situation some times some racketeers and black-marketeers always try to exploit the situation and it is for the law enforcing machinery to tackle it and take action. I will see that action is taken and special measures are undertaken. And in re-

(Shri Pranab Mukherjee)

gard to the fake and forgery notes, it is an offence and the law enforcing machinery are after it. As and when some information is available or whenever possible, action is being taken against them.

SHRI M. M. LAWRENCE (Idukki): The *Economic Times* of February 22nd has reported, and I quote:

> 'The Presses have not supplied about 28,000 million pieces of currency notes, identified by the Reserve Bank of India, during the last 10 years.'

It is a quotation of an official's statement. The same paper also mentioned about the Public Accounts Committee Report of 1973-74. In that report, on page 21, the Committee have pointed out in their recommendation that the demand is expected to go up to 7,07 million pieces of notes for 1978-79. In the same Para, in the last sentence, it is said:

> 'The Committee desire that the capacity of Dewas Press should be increased and the machinery in the old Press at Nasik should be gradually replaced so as to ensure adequate capacity for meeting the total requirement of the Reserve Bank of India.'

So also in the next para, No. 1.41, the Committee has recommended that—

> 'The Committee would like the Government to take steps to increase the capacity of the controlling section to handle as much as would enable the Printing Section to work to maximum capacity.'

Now, in the statement of the Minister it is said that there is no statutory requirement for the Reserve Bank of India to keep a particular quantum of reserve stock though it may be operationally expedient to do so. But the *Economic Times* to which I referred to says that it is legally bound to keep a certain stock in the hands of the Reserve Bank of India. But the Minister says *vice-versa*. So, also, the Minister in his statement has said that presently modernisation so as to increase the capacity from 3,380 metric tonnes to 6,000 metric tonnes, is being undertaken. There will be variation in the weight of the paper. From this tonnage one cannot calculate the actual number of pieces of notes printed by it. In all the essential commodities in our country like cement, steel, sugar, edible oil, vanaspati, dalda, ghee etc; for everything there is black market. The policy of the Government in this respect is encouraging black-marketing in currency notes also. Government's policy. is actually nationalising this black-market. In my opinion, it is the reflection of the economic policy which is pursued by the Government. No wonder if it has reflected in the printing of notes and in the scarcity of notes. My question is, as per the recommendations of the PAC (1973-74), what action had the Government taken to ameliorate the printing of notes and keep sufficient stocks with the RBI?

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Most of the points I have already mentioned. It is nobody's case that there is no shortage. I have mentioned that there is some marginal shortage. My point is, it is not of that order as has been projected. Even in regard to the utilisation of the two presses—the bank note press at Dewas and the currency Note press, in 1980-81 in respect of the Nasik press, the productivity was 98.8 per cent and in respect of Dewas it was 96 per cent. But once it is dislocated, it takes some time to recover. We are trying to improve the situation. I have already mentioned the steps we are taking in respect of Hoshangabad security paper mill by increasing the capacity and if it is necessary we can have a second shift in the Dewas bank not press, so that sufficient quantities could be printed. All these steps are being taken.

In regard to the policies and other matters whether there is distortion etc., the hon. member has his own views. He is fully entitled to have his

own views, as I am entitled to have my own views. So, there is no point in going into it.

श्री कृष्ण कुमार गोयल (कोटा) उपाध्यक्ष जी, जैसा समाचार-पत्रों में छपा है और अभी ध्यान-आकर्षण प्रस्ताव के सम्बन्ध में मंत्री महोदय ने उत्तर दिया है...

MR. DEPUTY-SPEAKER: I would like to know your personal experience. Everybody has mentioned about it.

श्री कृष्ण कुमार गोयल : यह स्पष्ट है कि देश में करेन्सी की, खास कर, छोटी रक़म के, एक या दो रुपये के नोटों की काफ़ी शार्टेज है और मार्केट में देखने को मिलता है कि फटे हुए नोटों को बदलने के लिए केवल दूसरे लोग ही नहीं, यहां तक कि बैंक के अन्दर भी कुछ लोग ऐसे हैं जो प्रीमियम ले कर नये नोट देते हैं, इस से साफ़ पता चलता है कि देश में नोटों की कमी है, इस में कोई दो रायें नहीं हो सकती हैं। लेकिन मंत्री महोदय ने जो स्टेटमेंट दिया है मैं उन से यह जानना चाहता हूं—आप ने बतलाया है कि इस साल के अन्दर जो टोटल डिमाण्ड थी, संख्या में डिमाण्ड को 86 परसेण्ट तक मीट किया है और वैल्यू में 94 परसेण्ट तक मीट किया है। मैं समझता हूं यह रिप्लाई काफ़ी वेग है— आप यह बतलायें कि एक रुपये के नोटों की, दो रुपये के नोटों की, पांच रुपये के नोटों की तथा एक रुपये के सिक्कों की कितनी मांग थी और उन के अगेंस्ट आप ने कितने परसेण्ट मीट किया है? जो परसेण्टेज आप ने बतलाई है इस में तो बड़े नोट भी आ जाते हैं, 50 रुपये और 100 रुपये के नोट भी आ जाते हैं। जो शार्टेज है, छोटी करेन्सी की है। इसलिए यह जानना चाहते हैं कि रिजर्व बैंक आफ इण्डिया की जो मांग थी एक रुपये के नोट के लिए, दो रूपये के नोट के लिए, पांच रूपये के नोट के लिए या एक रूपये की करेन्सी के लिए वह कुल कितनी थी और उसके एगेन्स्ट कितनी डिमांड आप ने मीट की है ताकि यह पता चले कि छोटी करेन्सी में कितना शार्टफाल है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि करेन्सी नोटों के अन्दर जो पेपर काम में आ रहा है प्रिंटिंग के लिए, उसकी क्वालिटी बहुत पूअर है रिजर्व बैंक के स्टैन्डर्ड के अनुसार। तो मैं यह जानना चाहता हूं कि एक रूपये के नोट की डूरेबिलिटी, उसकी जिन्दगी कितने महीनों की होनी चाहिए औ उसके एगेन्स्ट कितनी हो रही है ताकि पता चले कि कागज की क्वालिटी कम है या ज्यादा। इसके अलावा मैं यह भी जानना चाहूंगा कि इन नोटों की प्रिंटिंग के लिए कुल कितने कागज की आवश्यकता है और उस के मुकाबले में कितने कागज का प्रोडक्शन आज हमारे देश में हो रहा है और आप ने जो इम्पोर्ट के बारे में बताया है कि हम इतना इम्पोर्ट कर चुके हैं, क्या आवश्यकता के अनुसार देश के अन्दर नोटों की छपाई के लिए उतना कागज आ रहा है या नहीं आ रहा है। यह भी हम जानना चाहेंगे।

यह जो बार-बार बात आ रही है कि रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के पास छोटे नोटों की सुरक्षित भंडार नहीं हैं, हम स्पष्ट जानना चाहेंगे कि यह बात गलत है या सच है। अगर सच है, तो इस के बारे में क्या कदम उठाये जा रहे हैं।

अन्त में मैं आप की अनुमति से पब्लिक एकाउन्ट्स कमेटी की जो इस बारे में रिपोर्ट है, उस की तरफ आप

[श्री कृष्ण कुमार गोयल]

का ध्यान दिलाना चाहूंगा क्योंकि अभी तक मंत्री महोदय ने इस बारे में कोई स्पष्ट जबाब नहीं दिया है। 1973-74 की पब्लिक एकाउन्ट्स कमेटी की की नं० 428 रिपोर्ट यह है और इस के पेज 20 और 21 पर इस के बारे में लिखा हुआ है। थोड़ा समय जरूर लगेगा लेकिन मैं हाऊस की जानकारी के लिए इस को पढ़ना चाहूंगा क्योंकि इस में कई इस प्रकार के सजेशन्स दिये हैं, रिमार्क्स दिये हैं, जिन के इम्प्लीमेंटेशन के लिए अभी तक गवर्नमेंट ने कोई कदम नहीं उठाया है। अगर ये कदम उठा लिये होते, तो शायद आज वित्त मंत्री जी को यह न कहना पड़ता कि करेन्सी नोटों की शार्टेज है। हम नहीं चाहते कि देश के अन्दर पैनीकी स्थिति बने या किसी किस्म की घबड़ाहट पैदा हो जाए कि सिक्कों की कमी है और लोग उस का नाजायज फ़ायदा उठाएं लेकिन स्थिति यह है कि शार्टेज है। इस रिपोर्ट के पेज 20 पर पैरा 1.40 में यह कहा गया है :

"The Currency Note Press, Nasik Road is primarily intended to meet the printing requirements of one rupee currency notes issued by the Government of India and bank notes of other denomination required by the Reserve Bank of India, the production of which is undertaken on the basis of indents received from the Reserve Bank of India. As at present two units of the Press known as old currency Note Press and New Currency Note Press are printing notes. The optimum capacity of these two units has been estimated at 3636 million pieces per year."

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please read the last sentence.

**श्री कृष्ण कुमार गोयल :** देवास के बारे में इन्होंने कहा है कि कैपेसिटी से कम काम किया है और अब आप कह रहे हैं कि उस की कैपेसिटी बढ़ा रहे हैं। यह जो 1973-74 की पब्लिक एकाऊण्ट्स कमेटी की रिपोर्ट है, उस में उस समय सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया था और इस तरह से इसके कमीशनिंग में काफ़ी देर हो गई है और अब भी ऐसा लग रहा है कि इस की कैपेसिटी आने वाले समय की डिमांड को मीट नहीं कर सकेगी। इसलिए मेरा यह कहना है कि उस की कैपेसिटी डिमांड को देख कर बढ़ाई जाए। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है :

"As the annual requirement of the Reserve Bank of India is much more a new press at Dewas is being set up, which will have an annual capacity of 1000 million pieces of notes. The annual requirements of the Reserve Bank of India during 1969-70 and 1970-71 were 4263 and 4460 million pieces of notes respectively. The projections of the gross requirements of notes by the Reserve Bank of India given by the Ministry of Finance indicate that in 1974-75 the Bank will require about 5824 million pieces of notes. This demand is expected to go upto 7707 million pieces of notes by 1978-79. It is thus evident that even after the commissioning of the new press at Dewas, the Currency Note Press will not be in a position to meet the total requirements of the Reserve Bank of India, unless of course the Government of India goes for metal coins in a big way."

आप ने बताया है कि मेटल सिक्के करीब 100 करोड़ पीसेज निकाले हैं लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि 1973-74 की इस रिपोर्ट के बाद कौन से साल से आप ने सिक्कों को मिंट करना शुरू किया और कितने सिक्के मिंट किये ?

रिपोर्ट में आगे यह कहा गया है :

"Further in the old Currency Note Press which was set up long ago, the machinery should be well maintained to keep it in proper order...."

This is necessary because of the limited resources of the Government. The Committee feel that before sanctioning the establishment

of a new press at Dewas there ought to have been a realistic assessment of the requirements. That such an assessment was not made is clearly borne out by the fact that even after the commissioning of the new press, which is estimated to cost about Rs. 16 crores, the total installed capacity of the currency Notes Press will be nowhere near the minimum 'requirements of the Reserve Bank of India. The Committee desire that the capacity of Dewas Press should be increased and the machinery in the old Press at Nasik should be gradually replaced so as to ensure adequate capacity for meeting the total requirement of the Reserve Bank of India."

**13.00 hrs.**

इसका मतलब यह है कि 1973–74 में पब्लिक अकाउंट्स कमेटी ने इस बात का कागनिजेंस ले लिया था कि हमारे जो प्रिंटिंग प्रेस हैं उनकी केपेसिटी और कागज की स्थिति को देखते हुए उस समय ऐसा लगता था कि हमारे यहां आने वाले सालों में नोटों की शार्टेज हो जाएगी । इसलिए मैं जानना चाहता हूं कि आपने उसके बाद से इयरवाइज क्या क्या स्टेप्स लिये इसका अकअप बताइये ?

**श्रीमती प्रमिला दंडवते** : मैं यह कहना चाहती हूं कि रिजर्व बैंक ने सायल नोटों को बिना एग्जामिनेशन के डेस्ट्राय करने के बारे में जो परमिट मांगी थी उसके बारे में आप क्या करने जा रहे हैं, इसका आपने जवाब नहीं दिया ।

**श्री राम स्वरूप राम** : उपाध्यक्ष महोदय, आप नई परम्परा डाल रहे हैं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down. You must take my permission to raise any question. You cannot do as you like because you are Ram. I am Luxman.

**श्रीमती प्रमिला दंडवते** : दूसरे आपके नेशनेलाइज्ड बैंक्स रिजर्व बैंक के साथ नान-कोआप्रेशन कर रहे हैं । उसने पांच सौ चेस्ट खोलने के लिए कहा था लेकिन अभी तक 80 चेस्ट खोले गए हैं । इसके बारे में क्या करने जा रहे है ? इसके बारे में भी बताएं । इसका भी आपने जवाब नहीं दिया ।

**श्री राम स्वरूप राम** : इस सदन का मैं भी सदस्य हूं और माननीय सदस्या भी हैं । उनको दो बार समय मिले और मुझे एक बार ही ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: She forget to ask for some clarification when she spoke. She wanted to do it now. and I have allowed her. She belongs to the weaker section. Why can't you allow it?

SHRI PRANAB MUKHERJEE: With regard to Shrimati Dandavate's question or clarification, we have not permitted yet the Reserve Bank to destroy the notes. The reason is that we cannot just ask them to destroy all the notes without a careful examination of their modified procedure regarding destruction of notes. That is the point.

In regard to labour and other matters, you will appreciate that I cannot answer them just now, because there are so many observations. In fact, half of her observations were about budget. Since I am going to present the budget tomorrow, I cannot answer all those questions about budget and so on.

Coming to the points raised by Shri Goyal, since he wanted to have the figures, I will supply them. I am talking of the notes for the year 1981-82. The requirement of the Reserve Bank, so far as one rupee notes were concerned, was 800 million pieces and the supply till the end of January was 647 million pieces, which comes to 80.8 per cent. In the case of two-rupee notes, the demand was 1,400 million pieces and supply 1.309 million pieces. satisfaction 93.5 per cent. For Five-rupees note the requirement was 1,050 million picees, supply 792 million satisfaction 75.34 per cent. For ten-

[Shri Pranab Mukherjee]

rupee note the requrement was 700 million pieces, supply 676 million pieces and rate of satisfaction 96.57 per cent. There is some shortage, so far as hundred-rupee notes are concerned. These figures relate to supplies made in the first ten months of the year.

100-rupee note: The demand was for 650 million pieces, supply was 174 million piceces, rate of satisfaction was 26.76 per cent.

You want to have the information about small coins. I am giving that also. I did not want to bother you with so many figures and that is why I did not give you. But if you want, I can give them to you. I can give the figures for three years. but I am talking of only about 1981-82. The figures for the first ten months of 1981-82 are as follows:—

*One-rupee coin*: The demand was for 400 million pieces, production for 10 months has been 112.983 million pieces.

*10-paise coin*: The demand was —I am talkng of 1981-82 only—for 300 pieces, production has been 120.38 million pieces.

*5-paise coin*: The demand was for 300 pieces, production was 161.724 million pieces

Therefore, as I mentioned, there is a shortage. It is not that there is no shortage in every category, but it is not to that magnitude that it is causing really much serious problem. There may be locational problems, as one hon. Member mentioned, about north-eastern States.

In regard to the paper requirement for Dewas and Nasik Currency Note presses, as I mentioned, even the productivity in Nasik is 98 and odd per cent and in regard to Dewas security printing press it is about 96 per cent. I have already given that figure. Therefore, we are meeting the requirements fully. The total production, as I mentioned is expected to be 2,900 tonnes in the security paper mill at Hoshangabad and we imported last year about 300 tonnes, and 100 tonnes are in the pipeline. And if it is necessary, we are importing more.

SHRI KRISHNA KUMAR GOYAL: What about the PAC Report?

SHRI PRANAB MUKHERJEE: I have not taken it up yet.

SHRI KRISHNA KUMAR GOYAL: I mean, the Public Accounts Committee Report.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: I cannot just react because you are talking of 1973-74. I do not know, it may be that you as Minister might have taken the follow-up action. We must check it up.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: (Calcutta South): What about the quality of paper?

MR. DEPUTY SPEAKER: Now, we shall take up Matters under Rule 377.

---

**13.08 hrs.**

## MATTERS UNDER RULE 377

(i) EXPANSION OF INDIAN TELEPHONE INDUSTRY, PALGHAT FOR MANUFACTURING MODERN ELECTRONIC EXCHANGES

SHRI V. S. VIJAYARAGHAVAN (Palghat): Palghat district of Kerala is an industrially backward district. There is no worthwhile Industry in this region except the ITI and this has created a serious imbalance in the industrial development of the State. Some time ago, the hon'ble Minister of Communication had stated that there was a proposal to manufacture modern electronic exchanges and that these would be manufacured in the ITI, Palghat. This statement of the hon'ble Minister kindled a new hope in the minds of the people of Palghat. Subsequently, the Sarin Committee was appointed to recommend *inter alia* the suitable place for the maunfacture of electronic exchanges. This Committee has now recommended that the unit to manufacture these exchanges be set up in Bangalore. The recommendation of this Committee has poured cold